Seventeenth Loksabha

p>

Title: Issue related to the lack of supply of urea fertiliser and crop loss due to heavy rain in Khargone, Madhya Pradesh.

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): सभापति महोदय, मैं मध्य प्रदेश के खरगौन बड़वानी लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । मैं मध्य प्रदेश के लाखों किसानों की ओर से आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं । अभी अत्यधिक वर्षा के कारण हमारे किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं । मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मध्य प्रदेश की सरकार को 1,000 करोड़ रुपये दिए हैं । मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को भेदभावपूर्ण लाभ देने का व्यवहार किया जा रहा है, जिससे कई किसान प्रताड़ित हैं ।

मैं दूसरा निवेदन करना चाहता हूं कि अभी फसलें तैयार हैं । फसलें तैयार होने के बाद यूरिया खाद की इतनी किल्लत है कि किसान लाइन में लग रहा है और उसको खाद अभी तक नहीं मिल रही है । मैं आपके माध्यम से सरकार का, माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार की तरफ ध्यान दे, जिससे लाखों-करोड़ों किसानों को फायदा मिल पाए और उनको खाद मिल पाए ।